अनुप्रति कोचिंग : द्वितीय चरण में आवेदन 10 से

जयपुर | मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के दूसरे चरण में आवेदन के लिए 10 जुलाई से पोर्टल खोल दिया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि प्रथम चरण में अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन 4 से 30 अप्रैल तक आमंत्रित किए गए थे। आवेदन पत्रों में नियमानुसार अभ्यर्थियों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी कर दी गई थी। अब द्वितीय चरण के लिए पोर्टल प्रारम्भ किया जाएगा। प्रथम चरण की मैरिट में वंचित रहे अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। https://sso.rajasthan.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।